वर्ष-01, अंक-167

दैनिक सांध्य | डिजिटल पेपर

# नमस्ते बदायूं

आपके भरोसे की आवाज

बदायूं, मंगलवार 03 फरवरी 2026, पेज-08 मूल्य 5 रुपए

# डॉलर के मुकाबले रुपया 130 पैसे मजबूत,90.20 पर आया


● यह 3 साल में सबसे बड़ी बढ़त,2025 में सबसे कमजोर एशियाई करेंसी हो गया था

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर पहुंच गया। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50 से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5 फीसदी तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपए पर दबाव बना रखा था। हालांकि, मंगलवार को रुपए ने वापसी करते हुए 91.49 के पिछले क्लोज के मुकाबले 130 पैसे की मजबूती दर्ज की है।रुपए में आई इस तेजी के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद करेगा।



संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले

# अवैध बांग्लादेशी की पहचान करना सरकार की जिम्मेदारी



● भागवत बोले-लोग सिर्फ अधिकारियों को खबर दे सकते हैं,उन्हें देश से बाहर भी भेजना होगा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि अवैध रूप से भारत में घुसने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की पहचान करना और उन्हें देश से बाहर भेजना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिक इस तरह के मामलों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे सकते हैं। मोहन भागवत ने यह बात रविवार को हैदराबाद में आयोजित 'संघ यात्रा के 100 वर्ष नए आयाम' कार्यक्रम के दौरान कही। यह कार्यक्रम संघ की शताब्दी के अवसर पर आयोजित किया गया था। हैदराबाद दौरे के दौरान भागवत ने फिल्म जगत की हस्तियों और सीनियर ब्यूरोक्रेट्स से भी मुलाकात की। दुनिया में हो रही उथल-पुथल का भारत पर न्यूनतम असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसकी वजह भारत की पारिवारिक व्यवस्था, सोना बचाने की प्रवृत्ति और परिवार आधारित आर्थिक गतिविधियां हैं। संघ को समझने के लिए संघ का हिस्सा बनकर उसका अनुभव लेना जरूरी है। संघ को केवल सतही रूप से समझा जाए, तो उसे गलत तरीके से भी समझा जा सकता है। संघ इस बात पर जोर देता है कि राष्ट्र के विकास में नागरिकों की भूमिका अहम होती है, जबकि सरकारें, राजनीतिक दल और नेता अपनी भूमिका निभाते हैं। संघ का सिद्धांत है-व्यक्ति का विकास, ताकि श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण हो सके। संघ की परिकल्पित 'पंच परिवर्तन'- इसमें पारिवारिक जागरण (भजन आदि), पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं।

# पीएम मोदी डरे हुए हैं उन पर बहुत दबाव है

● राहुल बोले-ये वो भी जानते हैं,मैं भी जानता हूं

अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पीएम मोदी डरे हुए हैं। उन पर बहुत दबाव है। सरकार घबराई हुई है। नरेंद्र मोदी पर भयंकर प्रेशर है। ये साइड शो है। ये वो भी जानते हैं, मैं भी जानता हूं। संसद के बजट सत्र में विपक्ष अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर चर्चा की मांग कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि डील में अमेरिका के कृषि प्रोडक्ट पर 0 फीसदी टैरिफ पर हामी भरी गई है। जो देश के किसानों के साथ विश्वासघात है। राहुल गांधी ने मंगलवार को भी लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल पर भी बोलना चाहा, लेकिन सदन में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर लगाए 50 टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। ट्रम्प ने दावा



किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं। कांग्रेस ने अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा- वॉशिंगटन में मोगैम्बो खुश है। ऐसा लग रहा है कि पीएम मोदी ने आखिरकार हार मान ली है।

# ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच हो गई शुरू

● लंदन-बेंगलुरु विमान का स्विच लॉक नहीं हो रहा था,प्लेन के उड़ान पर पाबंदी


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया ने अपने सभी 787 ड्रीमलाइनर विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच कर दी है। यह फैसला लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी के बाद लिया गया है। विमान में 200 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को ईमेल भेजकर यह जानकारी दी।



फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 32 बोइंग 787 विमान हैं। मनीष उप्पल ने इमेल में बताया कि फ्यूल कंट्रोल स्विच के लैच की एहतियातन फ्लीट-वाइड री-इंस्पेक्शन की जा रही है। इंजीनियरिंग टीम को बोइंग कंपनी के पास भेजा है। कंपनी का जवाब आने तक,अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सभी विमानों की जांच शुरू की गई है। अब तक के विमानों की जांच में कहीं कोई भी गड़बड़ी नहीं मिली है। एयर इंडिया ने क्रू से कहा है कि संचालन के दौरान दिखने वाली किसी भी तकनीकी गड़बड़ी को तुरंत रिपोर्ट करें।

# 94 लाख गरीबों के लिए नीतिश सरकार ने खोल दिया खजाना

● बिहार में पेश हुआ 3 लाख 47 हजार 589 करोड़ 76 लाख का बजट





**पटना (एजेंसी)।** बिहार में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट 3 लाख 47 हजार 589 करोड़ 76 लाख रुपए का है। वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश किया।

इस बार बजट का कुल आकार 3,47,589.76 करोड़ रुपए रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 3.17 लाख करोड़ के मुकाबले करीब 30 हजार करोड़ अधिक है। वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार को सात निश्चय-3 के जरिए से विकसित राज्यों की कतार में खड़ा करना है। सरकार का मुख्य फोकस गरीबी उन्मूलन और समावेशी विकास पर है, जिसके तहत प्रदेश के 94 लाख गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की योजना तैयार की गई है। वित्त मंत्री ने बिहार के भविष्य का रोडमैप साझा करते हुए पांच मूल तत्वों की घोषणा की। उन्होंने कहा, ज्ञान, ईमान, विज्ञान, अरमान और सम्मान के स्तंभों पर चलकर ही बिहार प्रगति करेगा। इन तत्वों के माध्यम से शिक्षा, पारदर्शी शासन, आधुनिक तकनीक, युवाओं की आकांक्षाओं और सामाजिक गौरव को बजट की प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। बजट भाषण के दौरान महिलाओं की आर्थिक आजादी पर सरकार की सफलता साझा की गई।

# पुलिस गोली नहीं चलाएगी, तो क्या गोली खानी चाहिए

● अपराधियों पर ऐक्शन को लेकर सीएम योगी का बयान



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में योगी आदित्यनाथ के सीएम बनते ही अपराधियों पर सख्त कार्रवाई शुरू हो गई थी। यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में बोलते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2012 से 2017 के बीच 900 से ज्यादा दंगे हुए। एक भी शहर ऐसा नहीं था जहां कर्फ्यू न लगा हो। उस समय ऐसा कोई उद्यमी, डॉक्टर या बिजनेसमैन नहीं होगा जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जब प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी, तो हमें इस चुनौती का सामना करना था और हर नागरिक में विश्वास भी जगाना था। स्वाभाविक रूप से, हम यह चुन-चुनकर नहीं कर सकते थे।

# विद्युत समस्याओं को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन

**जिलाध्यक्ष शोंटू के नेतृत्व में निकाला जुलूस, की नारेबाजी**

● **अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन**

**नमस्ते बदायूं**



**संवाददाता।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर व्यापारियों ने प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू एवं प्रदेश मंत्री पवन जैन के नेतृत्व में विद्युत विभाग कार्यालय पर जलूस की शक्ल में पहुंचकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 19 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर को उनके कार्यालय पर दिया। इस दौरान प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पूर्व विभाग में जमा की गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस कराई जाए। साथ ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के पश्चात फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त कर केवल उपभोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना की जाए। प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व मीटर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग द्वारा कराई जाना अनिवार्य किया जाए। प्रदेश मंत्री पवन जैन ने कहा अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी कार्यालय में प्रार्थनापत्र जमा करने पर रिसीविंग नहीं दी जाती है। प्रार्थना पत्र को प्राप्त करते समय अनिवार्य रूप से रिसीविंग दी जाए। जिला महामंत्री संजीव आहूजा ने मांग की विद्युत आपूर्ति व बिल सुधार से संबंधित शिकायत दर्ज करते समय शिकायत पर्ची बनाई जाए। जिला महामंत्री हाजी राशिद ने कहा कि सीलिंग सर्टिफिकेट न मिलने के कारण उपभोक्ता को मीटर जांच की तिथि, समय व स्थान की जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे भ्रष्टाचार व उत्पीड़न की स्थिति उत्पन्न होती है। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं के बिलों में पोर्टल पर दर्शाई गई राशि एवं वास्तविक बिल राशि में अंतर पाया जा रहा है, नगर महामंत्री संजय रस्तोगी ने कहा कि नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा की रीडिंग घटवाने के लिए विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं।

अधीक्षण अभियंता चन्द्रशेखर कुमार ने ज्ञापन में लिखी गई समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेश शंखधार,अभिषेक रस्तोगी, गुड्डू गुप्ता, दीपक गुप्ता , प्रमोद गुप्ता, संदीप गुप्ता ,फखरे आलम, सलीम सैफी, सुजीत गुप्ता अवधेश वर्मा आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



# बरेली-मथुरा हाईवे पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

**लौड़ाबहेड़ी गांव के पास अंडरपास बनाने की मांग**

● **रास्ता बंद करने का विरोध कर रहे ग्रामीण, पहुंची पुलिस**

**नमस्ते बदायूं**

**संवाददाता।** बरेली-मथुरा हाईवे पर लौड़ाबहेड़ी गांव के पास ग्रामीणों ने आज मंगलवार सुबह जाम लगा दिया। ग्रामीणों की पुलिस से भी खासी नोकझोंक हुई। ग्रामीण अंडरपास की मांग कर रहे थे।

बरेली-मथुरा हाईवे पर लौड़ाबहेड़ी गांव के पास से गंगा एक्सप्रेस वे की तरफ रास्ता जा रहा है। इस रास्ते से कई गांव के लोगों का आवागमन होता है। इस रास्ते को बंद किया जा रहा है। इसी को लेकर आज सुबह तमाम महिलाएं व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर इस रास्ते को बंद किया जा रहा है तो यहां पर अंडरपास बनाया जाए। जिससे कि ग्रामीणों को आने-जाने का रास्ता मिला। प्रशासन जिस रास्ते को बता रहा है वह काफी लंबा है। ग्रामीण इस मांग पर अड़ गए जब तक अंडरपास की स्वीकृति नहीं होती तब तक रास्ता बंद नहीं करने दिया जाएगा। मामला तूल पकड़ता देख इंस्पेक्टर सिविल लाइन, कोतवाली आदि मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया तब वह मानें।

**प्रिय पाठकों**

*नमस्ते बदायूं अब आपको दे रहा है रिपोर्टर बनने का मौका। अगर आपके आस-पास कोई समस्या है जिम्मेदार नहीं सुन रहे हैं तो उठाइए कलम और हमें लिख भेजिए। आप हमें फोटो भी भेज सकते हैं। इसके अलावा बदायूं की संस्कृति,धरोहर व इतिहास आदि पर अपने लेख भी भेज सकते हैं। अपने लेख व फोटो को 9456803141 व 7906354712 पर व्हाट्सअप करें। इसके अलावा namas-taybudaun.com पर मेल भी कर सकते हैं।*

## कुत्ते को पीटकर मारने की एफआईआर दर्ज

**उझानी पुलिस ने पांचवें दिन दर्ज हुई रिपोर्ट**

**नमस्ते बदायूं, संवाददाता।** कुत्ते के झपटने पर डंडे से पीटकर उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने पांचवें दिन रिपोर्ट दर्ज कर ली। कुत्ते के मरने के बाद से ही घटना चर्चा का विषय बनी हुई थी। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश भी था। एफआईआर  पशु प्रेमी प्रखर अग्रवाल ने दर्ज कराई है। प्रखर का कहना है कि 28 जनवरी को उझानी के मोहल्ला अयोध्यगंज निवासी नदीम खाने का कुछ सामान लेकर लौट रहा था। रास्ते में एक कुत्ते ने झपट्टा मारकर उसका सामान झपट लिया। बस इसी बात से नदीम बौखला गया। उसने डंडे से पीटकर कुत्ते को मार डाला। लोगों को घटना का पता भी नहीं चलता अगर पास लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद न होती। घटना का पता चलने पर लोगों में आक्रोश था। लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की थी। पुलिस का कहना था कि उसके पास किसी ने लिखित तहरीर ही नहीं दी। हालांकि शांतिभंग की कार्रवाई नदीम के खिलाफ की गई थी। लेकिन अब तहरीर मिलने पर पुलिस ने नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 12 फरवरी तक चलेगा विष्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रशिक्षण

**नमस्ते बदायूं।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत ट्रेड दर्जी में 125, लोहार में 25, बढई 25, राजमिस्त्री में 25 एवं कुम्हार में 25 चयनित लाभार्थियों का प्रशिक्षण राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सालारपुर में आयोजित किया गया। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि यह प्रशिक्षण 03 से 12 फरवरी  तक कराया जा रहा है। मंगलवार को प्रशिक्षण का उद्घाटन सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने किया। सदर विधायक, उपायुक्त उद्योग, प्रधान सहायक व प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रषिक्षण प्राप्त करने आये प्रतिभागियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, प्रधान सहायक मो0 फारूक खां व कार्यक्रम सह संयोजक उपस्थित रहे।




## बारिश के बाद धूप, कोहरा अब फिर बादल

**नमस्ते बदायूं, बरेली/बदायूं संवाददाता।** पिछले दस दिनों में मौसम के हर रोज नए रंग देखने को मिल रहे हैं। कभी बारिश तो कभी धूप इसके बाद कोहरा व शीतलहर अब फिर बादल। लोगों की समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर मौसम कब ठीक होगा। सोमवार का जहां धूप निकली थी वहीं मंगलवार को सुबह घन कोहरा रहा। इसके साथ ही दिन भर बादल छाए रहे। धूप के दर्शन तक नहीं हुए। इससे एक बार फिर ठंड बढ़ गई। मौसम में मंगलवार को एक बार फिर बदलाव दिखा। बारिश के बाद सोमवार को धूप खिली थी। इसे देखकर लग रहा था कि आने वाले दिनो में अब ठंड से राहत मिल जाएगी। लेकिर दूसरे ही दिन मौसम एकदम पलटा खा गया। मंगलवार को फिर घना कोहरा छा गया।  पूरे दिन धूप नहीं निकली। इससे एक बार फिर से ठंड बढ़ गई। तेज हवा ने ठंड को और बढ़ा दिया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। दो तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।

# बिल्सी में बाल-विवाह मां-बाप व शादी करने वाले युवक पर एफआईआर

● 2025 में लखनऊ के राजकीय बालिका गृह में थी लड़की

नमस्ते बदायूं

**संवाददाता।** बिल्सी में एक नाबालिग लड़की का विवाह कर दिया गया। जानकारी होने पर इस मामले में लड़की के मां-बाप व उससे शादी करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बिल्सी के एक गांव की किशोरी को सितंबर 2025 में लखनऊ के राजकीय बालिका गृह में भेजा गया था। हाईकोर्ट में लड़की ने अपनी उम्र 16 साल बताई थी। इसके बाद वह अपने पिता के साथ चली गई थी। परिजन किशोरी की शादी करना चाहते थे। जिस बारे में मां-बाप का पूर्व में ही चेतवानी दी जा चुकी थी। बावजूद इसके मां-बाप ने बीते नवंबर माह में नाबालिग होने के बावजूद किशोरी की शादी बिल्सी के ही नगला तरऊ निवासी संकलदीप उर्फ भोले के साथ कर दी। बाल विवाह होने की चर्चा पूरे गांव में थी। इसकी शिकायत गांव के ही एक युवक ने सीडब्ल्यूसी से की। सीडब्ल्यूसी की तरफ से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया। जिसके बाद बिल्सी थाने में नाबालिग लड़की के मां-बाप व शादी करने वाले संकलदीप उर्फ भोले के खिलाफ बाल विवाह अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली।



### लड़की की इच्छा के विरुद्ध की गई शादी

बताया जा रहा है कि नाबालिग लड़की भोला से शादी नहीं करना चाहती थी। वह किसी दूसरे युवक से शादी करना चाहती थी। परिवार वालों को यह बात पता थी। इसी को लेकर घर में कलेश चल रहा था। इसके चलते उन्होंने लड़की को काफी समझाकर व दबाव बनाकर खामोशी से बाल विवाह करा दिया।

## कर्ज लेकर शादी की, फिर भी निकाल दिया घर से

● 20 लाख में दिल्ली के लड़के से की शादी, कार भी दी, उघैती में विवाहिता ने दर्ज कराया मुकदमा

नमस्ते बदायूं

**संवाददाता।** उघैती के एक ग्रामीण ने लड़की की शादी दिल्ली के युवक से की। शादी में स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी व तीन लाख रुपये दहेज दिया। बावजूद इसके लड़के वाले खुश नहीं हुए। शादी के बाद विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। बच्चा होने के बाद विवाहिता को घर से निकाल दिया। अब विवाहिता ने उघैती थाने में पति व ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।जगन्नाथ ने 2022 में अपनी पुत्री रश्मी का विवाह दिल्ली के नार्थ सेक्टर 14 के सोनू से की थी। विवाहिता का कहना है कि पिता ने शादी में कर्ज लेकर 20 लाख रुपये खर्च किए थे। लड़के वालों की हर मांग पूरी की। शादी के बाद अब ससुराल वाले आठ लाख रुपये की मांग कर रहे है। मांग पूरी न होने पर विवाहिता का शोषण करने लगे। इस बीच विवाहिता ने एक बेटे को जन्म दिया। तब लगा की अब मामला ठीक हो जाएगा लेकिन ससुराल वालों का रुख नहीं बदला। ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर बीती 3 जनवरी को घर से बेटे के साथ निकाल दिया। इसके बाद विवाहिता ने उघैती थाने में पति सोनू के अलावा सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बिनावर में बाबा के साथ मारपीट

नमस्ते बदायूं

**संवाददाता।** बिनावर के गिरधरपुर गांव में एक बाबा के साथ मारपीट कर दी गई। बाबा ने थाने में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गिरधरपुर मेंरहने वाले गिरिजानन्द गिरी बाबा का कहना है गांव के देवसिंह, सत्यवीर व प्रकाश व सौपाली ने कल सोमवार को सुबह करीब दस बजे उन पर एकाएक हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। बाबा का कहना है कि उक्त हमलावर पिछले काफी समय से उन्हें परेशान कर रहे थे। कल जब विरोध किया तो मारपीट की। बाबा का कहना है कि हमलावर उन्हें गांव से भगाना चाहते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने किया योग

● कॉलेज में हुआ 'वयम' कार्यक्रम का आयोजन

नमस्ते बदायूं

**पीलीभीत संवाददाता** । स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 'वयम ' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकालीन योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों और एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

डॉ. विभूति गोयल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित योग सत्रों का समन्वय किया गया, जिससे देश के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागी इस सत्र से जुड़ सके। प्रधानाचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि 'वयम कार्यक्रम युवाओं में न केवल बौद्धिक चेतना का विकास कर रहा है, बल्कि योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से उनके शारीरिक और मानसिक संतुलन को भी सुदृढ़ कर रहा है। 'इस अवसर पर महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉ. अरुण सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा रहा है, जिससे देशभर के युवा, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षाविद इस ज्ञानात्मक एवं संवादात्मक पहल से जुड़ सकें।

## मारपीट में घायल मामा की मौत, भांजे की हालत गंभीर

**हजरतपुर में लेवर ठेकेदार व उसके मामा पर किया था हमला**

नमस्ते बदायूं

**संवाददाता।** ईट-भट्ठे की लेबर के पैसों के विवाद में गांव के कुछ लोगों ने मामा-भांजे को लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल मामा की सैफई मेडिकल कालेज में मौत हो गई जबकि भांजे की हालत नाजुक बनी हुई है। हजरतपुर थाना क्षेत्र के ग्योति गांव निवासी वासुदेव का भांजा सर्वेश ईट भट्ठे की लेवर का ठेकेदार है। आरोप है कि गांव के राजेंद्र, राजीव कुमार, ओमपाल, विजय, अशोक और अमन सहित कुछ अन्य लोग सर्वेश उससे वसूली करना चाहते थे। रुपये न देने पर उससे रंजिश मानने लगे। वासुदेव और सर्वेश गांव में एक भंडारे से दावत खाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों, लोहे की रॉड तथा फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में वासुदेव और सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल वासुदेव की हालत जिला अस्पताल में सुधार न होने पर परिवारजन उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज ले गए थे। वहां इलाज के दौरान कल सोमवार को वासुदेव की मौत हो गई।

# ट्रक की डनलप से टक्कर, किसान की मौत

**पीलीभीत-शाहजहांपुर हाईवे पर बीसलपुर के पास हुआ हादसा, डनलप में गन्ना लेकर बीसलपुर चीनी मिल जा रहा था किसान**

नमस्ते बदायूं

**पीलीभीत संवाददाता।** मंगलवार को पीलीभीत-शाहजहांपुर हाईवे पर घने कोहरे के चलते सुबह करीब 5 बजे एक सड़क दुर्घटना में एक किसान और उसके पशु की जान चली गई। गन्ने से भरी डनलप गाड़ी को एक बेकाबू ट्रक ने जबरदस्त धक्का दे दिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर घटनास्थल से भाग निकला।

हादसा बीसलपुर थाना क्षेत्र के जय गुरुदेव आश्रम के आसपास हुआ। नसुल्लापुर गाव के 33 साल के हरीश पुत्र गेंदनलाल अपनी गन्ने लदी डनलप लेकर बीसलपुर शुगर मिल की ओर जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आते एक लकड़ी से लदे ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर लगा दी।टक्कर इतनी तेज थी कि डनलप पर सवार हरीश और उसे जोड़े गए दो पशुओं में से एक की तत्काल मौत हो गई। खबर पाकर बीसलपुर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने घायल किसान को बीसलपुर सीएचसी ले जाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत ही घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा कर जिला अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फरार ट्रक चालक की धर दबोचने की कोशिश तेज कर दी गई है, जबकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कस्टडी में ले लिया गया।



## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**पीलीभीत संवाददाता ।** मंगलवार सुबह जहानाबाद थाना क्षेत्र के शाही रेलवे स्टेशन के पास एक हादसा हो गया। रेल पटरी के किनारे पैदल चल रहा एक युवक तेज रफ्तार ट्रेन के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बरेली के थाना नवाबगंज क्षेत्र के धनौरा गांव का रहने वाला 23 साल का आकाश वर्मा अपने पिता के साथ खेतीबाड़ी का काम संभालता था। पिता हरपाल सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर खराब होने पर सामान लेने के लिए आकाश पूरनपुर की ओर जा रहा था। घर से निकलकर वह शाही रेलवे स्टेशन के पास पटरी के साथ-साथ चल रहा था, तभी बरेली से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास ग्रामीण जमा हो गए। जेब से मिले आधार कार्ड से परिजनों और पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर के खिलाफ दिया ज्ञापन

**सिटी मजिस्ट्रेट और पूरनपुर में एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन**

नमस्ते बदायूं

**पीलीभीत संवाददाता।** बिजली विभाग की नीतियों व प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष एमए जिलानी के निर्देश पर पूरे जिले में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे।

जिला मुख्यालय पर नगर महामंत्री राशिद अंसारी ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को, जबकि पूरनपुर में नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि प्रीपेड मीटर लगाने से पहले पुरानी सुरक्षा राशि लौटाई जाए। फिक्स्ड चार्ज, न्यूनतम शुल्क व बिजली शुल्क समाप्त कर आधार कार्ड आधारित बिलिंग शुरू की जाए। संगठन ने मीटर जांच के दौरान तत्काल सीलिंग प्रमाण-पत्र देने को अनिवार्य बताया, ताकि लैब टेस्ट के बहाने होने वाले उत्पीड़न व एफआईआर के डर को रोका जा सके। पुराने पीडी कनेक्शनों पर अवैध आरसी जारी न हो। बिजली कटौती का शेड्यूल सार्वजनिक किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर मांगें जल्द पूरी न हुईं, तो व्यापारी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, हरीश कुमार, रजी अंसारी, मोहम्मद ताबिश, मोहम्मद साबिर अंसारी, मोहम्मद आरिफ अंसारी, पूरनपुर से सरदार मोहन सिंह, रवि जायसवाल, सैयद जफर अली, आसिफ अंसारी, बृजेश शुक्ला, गोल्डी जोशी, गौरव पांडे, नितिन वर्मा, गुंजन सक्सेना, शालिनी गुप्ता, विशाल वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



## तीन दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप का समापन

- बच्चों ने सीखा स्वावलंबन

**नमस्ते बदायूं, पीलीभीत संवाददाता ।** इनीशियम ग्लोबल स्कूल में भारत स्काउट गाइड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। कैंप प्रमुख शालिनी पांडे, अभिषेक और मनोज कुमार के निर्देशन में कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन और साहस का पाठ पढ़ा।शिविर में बच्चों ने मंकी ब्रिज, कमांडो क्रासिंग और हवाई हमले की मॉक ड्रिल आदि में भाग लिया। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा, फायर फाइटिंग और विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। छात्राओं को आत्मरक्षा के विशेष गुर सिखाए गए। शिविर के अंत में बच्चों ने स्वयं टेंट लगाकर और भोजन बनाकर स्वावलंबन का परिचय दिया। प्रधानाध्यापिका रितिका धमेजा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्काउटिंग का कड़ा अनुशासन ही जीवन को बेहतर बनाने का आधार है।



# सिगरेट को लेकर दो पक्षों में विवाद, हिंदू मुस्लिम टकराव की अफवाह

- पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर लोगो को समझाया
- अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी

नमस्ते बदायूं

**पीलीभीत संवाददाता।** पूरनपुर थाना क्षेत्र के साहूकारा मोहल्ले में सोमवार की रात दो लड़कों के बीच झगड़ा हो गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने हिंदू-मुस्लिम की अफवाह फैला दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने फौरन कदम उठाए। क्षेत्र में पूरी तरह से शांति है।


सोमवार की रात नौ बजे साहूकारा मोहल्ले में फरदीन और सनी नाम के दो युवकों के बीच झगड़ा हो गया। थाने के प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि शुरुआती पूछताछ से पता चला कि सिगरेट जलाने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़ा बढ़ता गया तो सनी ने फोन करके अपने कुछ दोस्तों को बुला लिया। आरोप लगा कि सनी के साथ आए लोगों ने भड़काऊ हरकते कीं और एक खास समुदाय के खिलाफ गालियां दीं। शोर सुनकर मोहल्ले के बाकी लोग भी सड़क पर आ गए। चूंकि दोनों लड़के अलग-अलग समुदायों के थे, इसलिए इलाके में जल्दी ही यह खबर फैल गई कि सांप्रदायिक टकराव हो गया है। तनाव की खबर लगते ही कोतवाल पवन पांडे बड़ी संख्या में पुलिसबल लेकर पहुंचे। पुलिस देखकर शोर मचाने वाले युवक फरार हो गए। थोड़ी ही देर में क्षेत्राधिकारी भी पहुंच गए और लोगों से शांति बनाए रखने को कहा। पुलिस ने साफ किया कि यह सिर्फ दो लोगों का निजी झगड़ा थी। पुलिस अफवाहें फैलाने वालों पर निगरानी रख रही है। साथ ही पुलिस ने चेतावनी दी है कि अगर किसी ने अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 24 कैरेट सोना 24 घंटे में 8438 हुआ महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के भाव में पिछले 24 घंटे में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सर्राफा बाजारों में पिछले 24 घंटे में 24 कैरेट सोना 8438 रुपये महंगा हुआ जबकि, चांदी 18876 रुपये उछल गई। सोमवार को दोपहर सवा 12 बजे जारी रेट से आज सवा 12 जारी रेट में बड़ा अंतर दिख रहा है। सोमवार को 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी 142270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था और आज 150708 रुपये पर खुला। इसी तरह चांदी 236496 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली थी और आज इसकी ओपनिंग 255372 रुपये पर हुई है।

सोमवार के बंद भाव के मुकाबले 24 कैरेट सोना आज मंगलवार को 1962 रुपये महंगा होकर बिना जीएसटी 150708 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 4128 रुपये का गोता लगाकर बिना जीएसटी 255372 रुपये पर खुली।

जीएसटी समेत चांदी का भाव अब 263033 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है। जबकि, 24 कैरेट गोल्ड का रेट अब जीएसटी समेत 155229 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, प्लैटिनम भी 5220 रुपये



उछलकर 68390 रुपये पर पहुंच चुका है।

सोमवार को चांदी बिना जीएसटी 259500 रुपये पर बंद हुई। इसी तरह सोना बिना जीएसटी 148746 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोना सर्राफा मार्केट के अपने ऑल टाइम हाई 176121 से 25413 रुपये गिर चुका है। जबकि, चांदी 29 जनवरी के अपने ऑल टाइम हाई 385933 रुपये किलो से 130561 रुपये सस्ती हो चुकी है।

यह रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर 12 बजे वाला है। 14 कैरेट गोल्ड का रेट 1148 रुपये चढ़ा है। आज यह 88164 रुपये पर खुला और जीएसटी समेत यह 90808 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मिलेगा। इसके साथ ही 18 कैरेट गोल्ड में भी 1471 रुपये की बड़ी तेजी दर्ज की गई है। आज यह 11303 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत 116421 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

22 कैरेट गोल्ड अब 1798 रुपये महंगा होकर 138049 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जीएसटी संग यह 142190 रुपये है। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 1955 रुपये उछलकर 150105 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 154608 रुपये हो गई है।

## रुपए में जबरदस्त तेजी, डॉलर के मुकाबले 119 पैसे चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बड़ी कटौती के ऐलान के बाद भारतीय रुपए में जबरदस्त मजबूती देखने को मिल रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बनी सहमति का सीधा असर करेंसी मार्केट पर पड़ा है। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 119 पैसे की जोरदार बढ़त के साथ 90.30 पर पहुंच गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय करेंसी 2021 के बाद सबसे ज्यादा मजबूत हुई है विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क में कटौती से पूरी तस्वीर बदल गई है। इससे दुनिया के सामने भारत की स्थिति मजबूत हुई है और भारतीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की वापसी के दरवाजे खुल गए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर 91.49 के मुकाबले 119 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत गिरकर 97.43 पर था।

## यूएस-इंडिया ट्रेड डील का प्रभाव, उछलने लगे अडानी ग्रुप के शेयरों के भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएस-इंडिया ट्रेड डील के ऐलान के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को 13 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ट्रेड डील की घोषणा के बाद अडानी ग्रीन और अडानी एंटरप्राइजेज इस रैली में सबसे आगे रहे। अडानी ग्रीन के शेयर सबसे बड़े गेनर रहे, जबकि अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 10 प्रतिशत चढ़ गए। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी पोर्ट्स और अडानी टोटल गैस के शेयर 6-8 प्रतिशत ऊपर ट्रेड कर रहे थे। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पावर और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस जैसी कंपनियों को एनर्जी ट्रेड संबंध और बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक रिश्तों से जुड़े बुनियादी ढांचे के अवसरों से फायदा हो सकता है।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अडानी ग्रुप कंपनियों को इस ट्रेड डील के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक बताया है, क्योंकि इससे अमेरिका को भारतीय निर्यात पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म एंटीक ने भी अडानी पावर और अडानी पोर्ट्स को इस सौदे के प्रमुख लाभार्थियों में शामिल किया है। अडानी शेयरों में आज की यह तेजी बाजार में एक बड़ी रैली का हिस्सा है, क्योंकि ट्रंप की घोषणा ने शॉर्ट-सेलर्स को अचंभे में डाल दिया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले 16 महीनों में लगभग 34 अरब डॉलर के भारतीय इक्विटी बेचे थे और डेरिवेटिव्स पक्ष पर उनकी लगभग 90 प्रतिशत शॉर्ट पोजीशन थी। जेफरीज ने कहा कि ट्रेड डील को लेकर एक प्रमुख निवेशक चिंता अब दूर होनी चाहिए। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों के लिए आउटलुक अब सुधर रहा है। हाल में हुए श्र, च और अन्य फ्री ट्रेड डील के साथ मिलाकर, रुपये के लिए नजरिए को निकट अवधि में जबरदस्त बढ़ावा मिल सकता है, जो एफपीआइ फ्लो के लिए एक सकारात्मक ट्रिगर साबित हो सकता है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 7 प्रतिशत की उछाल

### इस अधिग्रहण से गदगद निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज 7 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के पीछे की वजह एक अधिग्रहण है। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि उनकी सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी सिख्या एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड में हासिल किया है। यह डील 150 करोड़ रुपये में हुई है। अधिग्रहण की प्रक्रिया 2 फरवरी को पूरी हुई है।

आज मंगलवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बीएसई में 1481.45 रुपये के लेवल पर खुले हैं। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 7 प्रतिशत की तेजी के बाद 1489 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था। रिलायंस ने क्यों की है यह डील इस नई डील से जियो स्टूडियो की पोजीशन देश मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में



मजबूत होगी। रिलायंस ने अपने प्रेस रिलीज में कहा कि इस डील से जियो स्टूडियो को फायदा होगा। बता दें, सिख्या एंटरटेनमेंट एक चर्चित प्रोडक्शन हाउस है। कंपनी को एकेडमी अवार्ड और कई अन्य फिल्म अवार्ड मिल चुके हैं।

पिछला एक साल कैसा रहा है रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल के दौरान करीब 16 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8.63 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। कंपनी का 52 वीक हाई 1611.20 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1115.55 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 19.53 लाख करोड़ रुपये का है। 5 साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमतों में 62 प्रतिशत की तेजी आई है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 66.85 प्रतिशत के रिटर्न की तुलना में कम है।

### 2024 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने निवेशकों को 2024 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया था। 2025 में कंपनी ने 5.50 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया था।

## देश में बढ़ रही महंगे स्मार्टफोन की मांग

### बिक्री में एपल की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 28 प्रतिशत पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी एपल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अब तक की सबसे अधिक 28 फीसदी हिस्सेदारी दर्ज की है। यह वृद्धि प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते चलन के कारण हुई है। काउंटरपाइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जहां बिक्री में वृद्धि स्थिर बनी हुई है, वहीं कुल बाजार मूल्य में अधिक तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि भारतीय खरीदार अधिक महंगे मॉडल खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में एपल का 23 फीसदी हिस्सा था।

आईफोन-16 की सफलता, आक्रामक फाइनेंस स्कीमों और ट्रेड इन ऑफर्स के कारण कंपनी ने देश में अपनी अब तक की सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। 2025 में मूल्य के हिसाब से एपल ने 28 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बाजार का नेतृत्व किया। त्योहारों से संबंधित प्रचार और व्यापक चैनल विस्तार ने राजस्व वृद्धि को बढ़ावा दिया। आईफोन-16 सीरीज 2025 में भारत




में सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा। यह भारत में किसी भी सीरीज के लिए अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री हिस्सेदारी भी थी। 2025 में भारत के स्मार्टफोन बाजार में वॉल्यूम के हिसाब से एक फीसदी और मूल्य के हिसाब से 8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई। खुदरा क्षेत्र में 2025 में कुल स्मार्टफोन बिक्री में 40 फीसदी हिस्सा फाइनेंस के जरिये हुआ। 30,000 रुपये से अधिक कीमत वाले प्रीमियम सेगमेंट में लगभग दो-तिहाई खरीदारी फाइनेंस के माध्यम से की गई। यह ग्राहकों को उच्च स्तरीय उपकरणों में अपग्रेड करने में सक्षम बनाने में किस्त विकल्पों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रीमियम सेगमेंट, एंट्री लेवल और बजट सेगमेंट की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में प्रीमियम सेगमेंट वॉल्यूम के हिसाब से सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बनकर उभरा। इसमें सालाना आधार पर 11 फीसदी की तेजी रही। कुल शिपमेंट में इसका हिस्सा 22 फीसदी रहा, जो अब तक का सबसे अधिक है। इस साल भी प्रीमियम उत्पादों की मांग मूल्य वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी। हालांकि, एंट्री-लेवल सेगमेंट पर दबाव बना रहेगा।

**फोल्डेबल फोन में सैमसंग आगेः** मूल्य के मामले में आईफोन कंपनी एपल आगे है, लेकिन फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में सैमसंग का दबदबा है। 2025 में वॉल्यूम में सैमसंग का 88 फीसदी हिस्सा रहा।

## चमड़ा सस्ता हुआ, वुडलैंड का 5000 वाला जूता 3,000 में मिलेगा ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट 2026 के पिटारे से इस बार आम आदमी के लिए एक ऐसी राहत निकली है, जिसका सीधा कनेक्शन आपकी पदचापों से है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में केवल बड़े बुनियादी ढांचों की ही बात नहीं की, बल्कि जूतों और चमड़े के सामानों पर टैक्स कटौती का बड़ा दांव खेलकर मिडिल क्लास के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या आपके पसंदीदा वुडलैंड या अन्य ब्रांडेड जूते वाकई आपकी जेब के लिए हल्के होने वाले हैं?

सरकार ने फुटवियर इंडस्ट्री को रफ्तार देने के लिए चमड़े और जूतों से जुड़े कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी (आयात शुल्क) को कम करने और नियमों को सरल बनाने का फैसला किया है। इस कदम का सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ेगा। अगर आप 5,000 रुपये वाले वुडलैंड जूते खरीदने की सोच रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैक्स



में इस रियायत के बाद कीमतों में 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा सकती है। हालांकि, यह उम्मीद करना जल्दबाजी होगी कि 5,000 का जूता सीधे 3,000 का हो जाएगा, क्योंकि ब्रांड्स को अपने मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन खर्चों को भी मैनेज करना होता है। बजट के इन प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य देश के चमड़ा उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। सरकार ने कुछ इनपुट्स के ड्यूटी-फ्री आयात की अनुमति दी है, जिससे छोटे और मंझोले जूता निर्माताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

## कोहरे में फिर से डूबेगा प्रदेश, 23 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी

# लखनऊ रहा सूबे में सबसे गर्म

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव जारी है। रविवार व सोमवार को पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। इस बीच कई जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलीं। सोमवार को अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर में सुबह घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं बहराइच, अयोध्या, अमेठी, कुशीनगर, मुजफ्फर नगर, मेरठ में दृश्यता 50 मीटर ने नीचे दर्ज हुई।

मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए प्रदेश के बुंदेलखंड के इलाके हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर आदि में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 23 जिलों में अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर आदि में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलेंगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि नए विकसित हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी से शुरू हुई बूंदाबांदी का दायरा मंगलवार को बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र, प्रयागराज मंडल तक पहुंचेगा। प्रदेश में यह बदलाव 4 फरवरी तक रहेगा। इसके बाद कोहरा छंटेगा और तापमान में हल्की गिरावट आएगी।



**घना से बहुत घना कोहरा की संभावना :** देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत व आसपास के इलाकों में।

फरवरी की शुरुआत राजधानी में गर्म मौसम के साथ हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। सोमवार को दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी तेज उछाल देखने को मिला, जिससे ठंड का असर कमजोर पड़ा।

सोमवार सुबह हल्के कोहरे के साथ हुई, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ा, आसमान साफ होता गया। तेज धूप निकली और हवा में गर्माहट महसूस की गई। दोपहर के समय मौसम पूरी तरह शुष्क रहा, जिससे लोगों को दिन में गर्मी का अहसास हुआ।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है। इसके साथ ही हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, जबकि सुबह के समय घना कोहरा भी छा सकता है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि निचले क्षोभमंडल में पंजाब और हरियाणा के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी कारण राजधानी का पारा प्रदेश में सबसे अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री की बढ़त के साथ 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री की उछाल के साथ 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



# छात्रों को राहत: नए सत्र में समय पर मिलेंगी पुस्तकें

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में जेडी ने नए सत्र से पहले पुस्तकें मिल जाएं, इसके लिए अहम कदम उठाए हैं। जेडी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस शैक्षिक सत्र के लिए फरवरी माह से ही पुस्तकों का मुद्रण कार्य शुरू करा दिया है।

शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीईआरटी और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की पाठ्य पुस्तकें समय पर छात्रों को उपलब्ध होंगी। इसके लिए मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक(जेडी) डॉ. मुकेश अग्रवाल ने आगरा में छप रही पुस्तकों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में जेडी ने पुस्तकों की संख्या और गुणवत्ता की जांच की। सभी मानकों पर पुस्तकों के संतोषजनक पाए जाने पर पुस्तकों को बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई है। विभाग की प्राथमिकता छात्रों को निर्धारित कम मूल्य पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े।

जेडी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस शैक्षिक सत्र के लिए फरवरी माह से ही पुस्तकों का मुद्रण कार्य शुरू करा दिया है। छात्र-छात्राओं को समय पर पठन सामग्री मिल सकेगी। कक्षा 9 के लिए 12 और कक्षा 12 के लिए 31 विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गई हैं। ये पुस्तकें आगरा सहित पूरे मंडल के बाजारों में उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे नए शैक्षिक सत्र में पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सकेगी।

## पांच हजार के दानपत्र से बेच दी पांच करोड़ की धर्मशाला



**आगरा, एजेंसी।** आगरा के नामनेर चौराहे पर स्थित 100 साल पुरानी धर्मशाला पांच हजार के दानपत्र से बेच दी गई। इस मामले की शिकायत सीएम योगी तक पहुंच गई है।

नामनेर चौराहे पर स्थित चुन्नीलाल अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट की 100 साल पुरानी धर्मशाला की बेशकीमती संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ कथित ट्रस्टियों, भूमाफिया ने सब रजिस्ट्रार से मिलीभगत कर धोखाधड़ी से पांच करोड़ की संपत्ति पांच हजार रुपये के दानपत्र से बेच दी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचने के बाद जांच शुरू हो गई है।

ट्रस्ट से जुड़े अग्रवाल समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से भूमाफिया के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। शिकायतकर्ता ट्रस्टी कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल ने वर्ष 1927 में निःसंतान होने के कारण अपनी संपत्ति संख्या 2/204 एवं 2/205 ट्रस्ट के नाम कर दी थी। डीड की शर्तों के अनुसार, ट्रस्टियों को केवल देख-रेख का अधिकार था, बेचने या दान करने का नहीं।

वर्ष 2010 में अग्रवाल समाज ने मौखिक रूप से कुछ नए ट्रस्टी नियुक्त किए थे। आरोप है कि उन्होंने खुद को मुख्य ट्रस्टी बताकर 30 जून 2025 को संपत्ति समर्पण समिति के नाम अवैध रूप से दान कर दी। करीब 300 वर्ग गज में बनी दो मंजिल धर्मशाला पर कब्जे की कोशिश की गई लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके।

**सब रजिस्ट्रार ने दरकिनार किए नियम :** इस मामले में दानपत्र पंजीकृत करने वाले सब रजिस्ट्रार की भूमिका भी संदिग्ध है। सीएम को भेजी शिकायत में सब रजिस्ट्रार पर ट्रस्ट की संपत्तियों के हस्तांतरण में नियमों को दरकिनार करने के आरोप लगे हैं। शिकायत में दोषी व्यक्तियों के साथ सब रजिस्ट्रार के खिलाफ भी धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है।

**कराई जा रही है जांच :** निबंधन सहायक महानिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि सब रजिस्ट्रार ने नियमों का उल्लंघन किया या नहीं, इस बिंदु पर जांच कराई जा रही है। आरोप सही साबित होने पर सब रजिस्ट्रार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल से बहू बनकर भारत आईं महिलाएं नहीं बन सकेंगी वोटर

# निवासी होते हुए भी वोटिंग का अधिकार नहीं

**लखनऊ, एजेंसी।** नेपाल से आई बहुएं भारत की मतदाता नहीं बन सकती हैं। मतदाता सूची में उन्हें अपना नाम शामिल करवाने के लिए पहले यहां की नागरिकता लेनी होगी। इसीलिए भारत की वैध निवासी होते हुए भी उन्हें जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं मिलेगा। अलबत्ता, तय मानक पूरा करने पर ऐसे दंपतियों के बच्चे जरूर भारतीय नागरिक माने जाएंगे। उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकता है।

भारत और नेपाल में रोटी-बेटी का प्रगाढ़ संबंध है। ऐसे में सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के लोगों की नेपाल में शादी हुई है। चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि नेपाल की जो लड़कियां भारतीय नागरिकों से शादी करके यहां बस गई हैं, वह यहां की वैध निवासी तो हैं, पर वह भारतीय नागरिक नहीं हैं।

नेपाली महिलाओं को विवाह के बाद भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत आवेदन करना होता है, जिसके लिए सात साल तक भारत में लगातार निवास का प्रमाण और विवाह पंजीकरण अनिवार्य है। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी, राज्य व केंद्र के गृह विभाग के माध्यम से पूरी होती है। इसमें निवास का प्रमाण और वैध मैरिज सर्टिफिकेट आवश्यक है। लगातार सात साल तक भारत में रहने का पक्का सबूत (आवासीय दस्तावेज) अनिवार्य है।




**भारत में जन्म लेने वालों के वोटर बनने के लिए ये हैं नियम :** अगर कोई व्यक्ति एक जुलाई 1987 से पहले भारत में पैदा हुआ है, तो उसे यहां का स्वतः नागरिक मान लिया जाता है। 1 जुलाई 1987 से दो दिसंबर 2004 के बीच जन्मे व्यक्ति को तभी नागरिक माना जाता है, जब मां-बाप में से कोई एक यहां का नागरिक हो। दो दिसंबर 2004 के बाद जन्म लेने वालों को तभी भारत का नागरिक माना जाएगा, जब मां-बाप में से कोई एक भारत का नागरिक हो और दूसरा यहां वैध तरीके से रह रहा हो। भारत-नेपाल के बीच संधि के चलते भारत में रह रहे नेपाली नागरिक यहां के वैध निवासी माने जाते हैं। लेकिन मतदाता बनने के लिए भारत का नागरिक होना अनिवार्य शर्त है।

# चार्जिंग स्टेशन तैयार, फिर भी खड़ीं 26 इलेक्ट्रिक बसें

## एनओसी ने रोका अटल बस सेवा का विस्तार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में बिजली के बिना अटल बस सेवा की 26 इलेक्ट्रिक बसें खड़ी हुई हैं। इनका संचालन अभी तक नहीं हो पा रहा है। केवल 12 बसों का संचालन किया जा रहा है।

अटल बस सेवा की 26 इलेक्ट्रिक बसों को 15 जनवरी से संचालित करने का रोडवेज अधिकारियों का दावा धरा रह गया। चार्जिंग स्टेशन तैयार होने के बावजूद उन्हें अब बिजली विभाग से एनओसी नहीं मिली है। इससे अटल बस सेवा का विस्तार नहीं हो पाया और बसें खड़ी हैं। अटल बस सेवा के तहत जिले को फरवरी माह में शासन से कुल 38 इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त हुई थीं। इनमें से वर्तमान में केवल 12 बसों का संचालन किया जा रहा है। शेष 26 बसें चार्जिंग सुविधा के अभाव में डिपो में खड़ी हैं। अब तक फाउंड्री नगर टेढ़ी बगिया में केवल एक ही चार्जिंग पॉइंट होने से सीमित संख्या में ही बसों का संचालन हो पा रहा था।



इस समस्या को दूर करने के लिए आईएसबीटी परिसर में आठ नए चार्जिंग पॉइंट तैयार कराए गए। ट्रांसफॉर्मर भी फिट हो चुका है। मगर, बिजली विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) न मिलने के कारण चार्जिंग स्टेशन शुरू नहीं हो सके हैं।

रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल का कहना है कि बिजली आपूर्ति शुरू होते ही अटल बस सेवा का दायरा बढ़ाया जाएगा। आगरा से बदायूं, फर्रुखाबाद, नोएडा, बुलंदशहर और बरसाना जैसे मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाना प्रस्तावित है। ये बसें एक बार चार्ज होने पर लगभग 200 किलोमीटर तक चलने में सक्षम हैं, लेकिन चार्जिंग की सुविधा हर रूट पर उपलब्ध होना जरूरी है।

**परिक्षेत्र में कुल 761 बसें**

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि आगरा परिक्षेत्र के 6 डिपो में कुल 761 बसें हैं, इनमें 167 बसें अनुबंधित हैं। अटल बस सेवा की इलेक्ट्रिक बसें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं और इनके संचालन से यात्रियों को लंबी दूरी के सफर में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# टी-20 वर्ल्डकप का कैप्टन्स डे दो शहरों में होगा

## मुंबई में 12 और कोलंबो में 8 टीमों के कप्तान शामिल होंगे, टूर्नामेंट 7 फरवरी से

**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इससे पहले, 5 फरवरी को आईसीसी ने कैप्टन्स डे रखा। कैप्टन्स डे दो शहरों मुंबई (भारत) और कोलंबो (श्रीलंका) में होगा। कैप्टन्स डे एक मीडिया कार्यक्रम है, जहां कप्तान मीडिया से बात करेंगे।

**मुंबई में 12 टीमों के कप्तान आएंगे-** मुंबई में होने वाले कैप्टन्स डे मीट में कुल 12 टीमों के कप्तान हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तान शामिल होंगे। सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत के दौरान टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

ग्रुप-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 3:00 बजे और ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 3:30 बजे शुरू होगी। यह




कैप्टन्स डे मीट बीसीसीआई ऑफिस वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) में आयोजित की जाएगी।

**कोलंबो में 8 देशों के कप्तानों की कैप्टन्स डे मीट-** 5 फरवरी को कोलंबो में भी कैप्टन्स डे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, नीदरलैंड, ओमान, पाकिस्तान, यूएई और जिम्बाब्वे की टीमों के कप्तान शामिल होंगे। यहां भी सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत करते हुए टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। ग्रुपबी-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12:00 बजे, जबकि ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 12:30 बजे शुरू होगी। यह कार्यक्रम कोलंबो के मर्केंटाइल क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में आयोजित किया जाएगा।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट-** भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के इडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिनहले स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

# वार्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हराया

## विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की दमदार वापसी

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को भारत ए का अमेरिका से नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल




स्टेडियम में सामना हुआ। इस मैच में भारतीय ए टीम ने 38 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के आगाज में अब चार दिन का समय शेष है। सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए वॉर्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय ए टीम ने नारायण जगदीशन के शतक और आयुष बदोनी के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

भारत के लिए रवि बिश्नोई ने तीन विकेट हासिल किए जबकि खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक सफलता प्राप्त हुई।

### तिलक की दमदार वापसी

निचले पेट की सर्जरी के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे तिलक वर्मा ने अपनी फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन की सभी चिंताओं को दूर कर दिया। तीन सप्ताह का रिटर्न टू प्ले प्रोटोकॉल पूरा करने के बाद मैदान पर उतरे तिलक न सिर्फ बल्लेबाजी में सहज नजर आए, बल्कि फील्डिंग और गेंदबाजी में भी पूरी तरह फिट दिखे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने हरमीत सिंह और नॉस्थश केनजीगे की स्पिन जोड़ी के खिलाफ दो शानदार छक्के लगाए। खास बात यह रही कि उनकी बल्लेबाजी के दौरान किसी भी तरह की असहजता नजर नहीं आई।

### जगदीशन का शतक, बदोनी का नाबाद पचासा

इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की टीम ने आक्रामक अंदाज में रन बटोरे। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 55 गेंदों पर 104 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। कप्तान आयुष बदोनी ने भी अंत के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 60 रन बनाए और स्कोर को 230 के पार पहुंचाया। भारत ए ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 238 रन बनाए।

### भारतीय गेंदबाजों के आगे अमेरिका ने टेके घुटने

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की टीम ने भी संघर्ष जरूर किया, लेकिन बड़े स्कोर के दबाव में अंतत: 19.4 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई। संजय कृष्णमूर्ति अमेरिका की ओर से सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज रहे, जिन्होंने मात्र 18 गेंदों पर 41 रन बनाए। हालांकि उनकी पारी टीम को जीत के करीब नहीं ले जा सकी। भारत ए की गेंदबाजी में रवि बिश्नोई सबसे सफल रहे। लेग स्पिनर बिश्नोई ने तीन विकेट झटके और अमेरिका की रनगति पर लगाम लगाई। खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक विकेट मिला। तेज गेंदबाज मयंक यादव लंबे समय बाद वापसी के चलते थोड़े जंग खाए नजर आए, लेकिन उन्होंने अपनी रफ्तार से प्रभावित किया।

# ओलिंपियन पहलवान ने लग्न में सिर्फ चांदी का सिक्का लिया

## दोस्त के पिता की बेटी संग की शादी



**झज्जर (एजेंसी)।** झज्जर के रहने वाले ओलिंपियन पहलवान दीपक पूनिया आज 3 फरवरी को विवाह के बंधन में बंध गए। झज्जर शहर के धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीके (तिलक) का कार्यक्रम हुआ। दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि लंच में 500 लीटर देसी घी के अलग-अलग पकवान तैयार किए गए। लग्न में दीपक ने सिर्फ एक रुपए का चांदी का सिक्का लिया। दीपक पूनिया सेना में सूबेदार हैं। वह अपने पिता के दोस्त की बेटी शिवानी के साथ सात फेरे लेंगे। दीपक और शिवानी की 28 सितंबर 2025 को सगाई हुई थी। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी लोग ही शामिल हुए। शिवानी संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही हैं, उनका आईएएस अफसर बनने का सपना है।

### शिवानी बोलीं

### दोनों परिवारों की रजामंदी से हुआ रिश्ता

रिंग सेरेमनी के बाद एक इंटरव्यू में शिवानी ने बताया था कि मेरा खेलों से कोई नाता नहीं रहा है। मैं शुरू से ही पढ़ाई में ध्यान रखती आई हूं। अब मेरा लक्ष्य आईएएस अफसर बनने का है। इसके लिए सेल्फ स्टडी कर रही हूं। मेरे पापा दीपक के पिता के साथ 5-6 साल से साथ में काम कर रहे हैं। दोनों परिवारों की रजामंदी से यह रिश्ता हुआ।

**शिवानी के पिता प्रॉपर्टी डीलर, अखाड़े में हुई जान-पहचान-** दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि शिवानी के पिता अनूप सिंह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। जब दीपक अखाड़े में प्रैक्टिस करने जाता था, वहीं अनूप सिंह से मुलाकात हुई। कई बार मुलाकातें हुई और 2020 में दोस्ती हो गई। जब बेटे के लिए रिश्ते आने लगे तो मैंने अनूप से कहा कि अपना बेटा है, आपकी बेटी है, क्यों न दोस्ती को रिश्तेदारी में बदल लें। अनूप ने तुरंत हां कर दी।



# शिव मेरे लिए बेहद खास, इसीलिए छाप तिलक गाना दिल के बहुत करीब

एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अब एक्ट्रेस से सिंगर बनने की राह पर हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग डेब्यू किया है। उनके डेब्यू सॉन्ग का टाइटल छाप तिलक है, जिसे राशा ने अपने दिल के बेहद करीब बताया। राशा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया, जिसमें वह भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा जताती और खास गाने छाप तिलक से जुड़ी अपनी भावनाओं को व्यक्त करती नजर आईं। राशा ने पोस्ट में लिखा, शिव हमेशा मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। छाप तिलक एक ऐसा गाना है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ ही राशा ने गाने की कुछ लाइन का शिव से कनेक्शन करते हुए लिखा, मैं तो छाप तिलक छोड़ चली रे—ब्रह्मांडीय नर्तक नटराज को अपनी कला और अपना तिलक अर्पित करना। मैं तो आज फलक ओढ़ चली रे—उसका ब्रह्मांड मुझे हमेशा घेरे रहता है। मेरे मन के ताल पर बाजे डमरू—शिव की डमरू की थाप और लय हमेशा मेरे दिल में रहती है। आभारी हूं शिव ओम नमः शिवाय। राशा महादेव की परम भक्त हैं। वह अपनी मां रवीना टंडन के साथ अक्सर शिवालय जाती रहती हैं। वह देश भर के हिस्सों में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में से कई के दर्शन भी कर चुकी हैं।

राशा थडानी ने साल 2025 में एक्ट्रेस के तौर पर आजाद फिल्म के साथ डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में असफल रही और फ्लॉप हो गई थी, लेकिन अब उन्होंने सिंगिंग में कदम रखा है। राशा ने इंस्टाग्राम पर स्टूडियो का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह गाने को रिकॉर्ड करते हुए नजर आईं। इस सिंगिंग डेब्यू की तारीफ बाहुबली फेम सुपरस्टार प्रभास ने भी की है। फिलहाल, राशा अपनी एक्ट्रेस की जर्नी भी जारी रख रही हैं। वह जल्द ही फिल्म लइका लइकी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म से वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आएंगी।

# तेरे इश्क में के बाद धनुष की 55वीं फिल्म का एलान



धनुष ने हाल ही में अपनी 55वीं फिल्म का एलान किया है, जिसका अस्थाई नाम डी55 है। निर्माताओं ने स्टार कास्ट की घोषणा भी कर दी है। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की अगली फिल्म में धनुष के साथ मुख्य भूमिका में यह अभिनेत्री पहली बार नजर आएंगी। राजकुमार पेरियासामी पहले अमरन फिल्म बना चुके हैं। धनुष की आगामी फिल्म का अस्थाई नाम डी55 है। यह अस्थाई नाम इसलिए डी55 रखा गया है क्योंकि यह धनुष की 55वीं फिल्म हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी करेंगे।

धनुष और श्रीलीला पहली बार किसी फिल्म में एक साथ नजर आने वाले हैं। डी55 एक बड़ा प्रोजेक्ट है। धनुष अपनी कंपनी वंडरबार फिल्म्स के साथ आर टेक स्टूडियोज को मिलकर इसे बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण अभी मुंबई में चल रहा है। शूटिंग 2026 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है।



# श्रिया सरन ने दृश्यम फ्रेंचाइजी के आखिरी पार्ट को लेकर जताई खुश

क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' अपने तीसरे पार्ट के साथ फिर लौट रही है। 'दृश्यम 3' मलयालम के साथ हिंदी में भी शुरू हो चुकी है। एक बार फिर विजय सालगांवकर (अजय देवगन) अपनी फैमिली के साथ वापस लौट रहे हैं। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री श्रिया सरन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के अपने सफर को इमोशनल बताते 'दृश्यम 3' के बारे में बात की है।

## दस साल पहले शुरू हुई थी पहले पार्ट की शूटिंग

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए श्रिया सरन ने 'दृश्यम 3' को लेकर खुशी जताई। 'दृश्यम' की दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। इस बार, कहानी असाधारण रूप से अच्छी तरह से लिखी गई है, बहुत कसी हुई और दिलचस्प है। यह फ्रेंचाइजी का आखिरी पार्ट है। हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बेहद भावुक सफर है क्योंकि जब मैंने हाल ही में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि पहला भाग दस साल से भी पहले शूट किया गया था। हम सब बहुत बदल गए हैं। मैं तब से बहुत बदल गई हूं।'

## इस वजह से बाकी फिल्मों से अलग है 'दृश्यम'

श्रिया ने बताया कि दृश्यम को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह सस्पेंस जॉनर में कहानी को अलग तरह से कहने की कला है। मुझे याद नहीं कि किसी मिस्ट्री फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट हों। हमने ड्रामा सीरीज तो देखी हैं, लेकिन एक मिस्ट्री फ्रेंचाइजी, जिसमें पूरी कहानी एक छोटी सी घटना के इर्द-गिर्द घूमती हो, यह कमाल है। यकीन मानिए तीसरा पार्ट बेहद दिलचस्प है। इस दौरान उन्होंने 'दृश्यम 3' के एक बड़े ट्विस्ट की ओर भी इशारा किया।

## मलयालम से अलग है हिंदी वर्जन

श्रिया सरन का मानना है कि मलयालम और हिंदी की 'दृश्यम' में अंतर है। यही कारण है कि फिल्म हर भाषा में अलग अनुभव देती है और पसंद की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी 'दृश्यम 2' मलयालम वर्जन से बहुत अलग थी। यहां तक कि हिंदी 'दृश्यम 3' भी मलयालम वाली फिल्म से काफी अलग है।



# आलिया भट्ट ने की रोमांटिक कॉमेडी डोंट बी शाय की घोषणा, बहन शाहीन के साथ मिलकर करेंगी निर्माण



आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है।

## प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी डोंट बी शाय

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी... दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं।

## सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।

## कब रिलीज होगी लव एंड वॉर

आलिया भट्ट लव एंड वॉर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।